CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 54 ▫ रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## दो अलग-अलग जगह मुठभेड़ में 22 नक्सली मारे गए

### बीजापुर में 18 नक्सलियों के शव बरामद

### भारी मात्रा में हथियार जब्त



### डीआरजी का एक जवान शहीद

**जगदलपुर/बीजापुर/कांकेर,** 20 मार्च (हाईवे चैनल)। बीजापुर और कांकेर जिले से एक बड़ी खबर आ रही है। बीजापुर में 18 और कांकेर में 4 नक्सलियों को सुरक्षा बलों के जवानों ने ढेर कर दिया है. बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 20 नक्सली मारे गए हैं. इनमें से 18 नक्सलियों के शव और इलाके से भारी मात्रा में सामान ,हथियार भी जवानों ने बरामद किए हैं. एसपी जितेंद्र यादव ने नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है. वहीं डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है. घटनास्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी मिला है. बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने घटना की पुष्टि की है.

जानकारी के अनुसार, बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदी क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान के तहत सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम गंगालूर थाना क्षेत्र में निकली थी. इसी दौरान आज सुबह करीब 7 बजे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई. दोनों ओर से लगातार फायरिंग जारी है. साथ ही बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किए गए हैं. वहीं इस मुठभेड़ में बीजापुर छ्रन्न का एक जवान वीरगति को प्राप्त हुआ. फिलहाल क्षेत्र में मुठभेड़ और सर्च ऑपरेशन जारी है. दरअसल बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है. पूरे बस्तर संभाग के अलग-अलग इलाकों में नक्सलियों को घेरने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान निकले हुए हैं. गुरुवार को बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर जिले और बॉर्डर के इलाकों में नक्सलियों को घेरने के लिए सुरक्षा बलों के जवान निकले हैं. संभाग के दो अलग-अलग जिलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ चल रही है. इस गोलीबारी में अब तक 22 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है.

## सदन में गूंजा किराए के भवन में संचालित पीडीएस केंद्र के साथ दिव्यांगजनों के लिए पद चिन्हांकन का मुद्दा



**रायपुर,** 20 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन किराए के भवनों में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) केंद्र के साथ-साथ दिव्यांगजनों के लिए पदों के चिन्हांकन का मामला गूंजा. संबंधित मंत्रियों ने सवालों का जवाब दिया. विधायक दिलीप लहरिया ने सवाल किया कि जिला बिजापुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कितने केंद्र संचालित है, और कितने किराए के माध्यम से चलाते है? भवन कब तक बन जाएगा? किस-किस मद से पैसे दिए जाते है? मंत्री दयाल दास बघेल ने बताया कि 482 ऐसे स्थान हैं, जो भवन विहीन है. राशन दुकान चलाने वाले भवन का किराया देते हैं. इस पर विधायक ने सवाल किया कि जो समूह चलाते हैं, उसे कितने किराए में दिया जाता है? और जो खाली हैं कब तक बन जायेंगे? मंत्री ने बताया कि भवन बनाने के लिए रोजगार गारंटी और अलग-अलग मद से राशि ली जाती है, और भवन बनाया जाता है. इसके साथ सदन में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत पदों के चिन्हांकन का मामला गूंजा. भाजपा विधायक प्रबोध मिंज के सवाल पर महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि 21 प्रकार के दिव्यांगजन के लिए पद चिन्हांकित होगा.

प्रबोध मिंज ने 2016 के बाद 9 साल होने के बाद भी पद चिन्हांकन नहीं होने पर आपत्ति जताई. मंत्री ने इस पर कहा कि किसी भी प्रक्रिया को पूरा करने में समय लगता है. आधे से अधिक विभागों से जानकारी आ चुकी है. जल्द से सभी विभागों से जानकारी प्राप्त होने पर कार्य पूर्ण किया जाएगा.

## भाजपा विधायक ने सदन में उठाया पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना में गड़बड़ी का मुद्दा, मंत्री ने दिया यह जवाब

विधानसभा में गुरुवार को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना में गड़बड़ी का मामला उठा. भाजपा विधायक भावना बोहरा ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि कोविड काल में केंद्र ने प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल दिया था, लेकिन फिर भी लोगों को अनाज नहीं मिला था. इसके साथ विधायक ने जांच की मांग की. मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि 97त्न लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है. अब तक कोई शिकायत नहीं आई है, जानकारी दे दीजिए. इस पर राजेश मूणत ने कहा कि 5 किलो अनाज करोना के समय देना था, कई को नहीं दिया गया. कितने वंचित थे? मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि प्रश्न वर्ष 2023 से 2025 के बीच का है. इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रश्न 2023 से 2025 के बीच का है. 2019 में पहुंच जाएंगे तो तत्काल कैसे जानकारी दी जाएगी. मंत्री ने स्पष्ट किया कि अतिरिक्त आवंटन अभी नहीं मिल रहा है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के भांजों के बीच गोलीबारी, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (न्यूज चैनल)। भागलपुर के नवगछिया में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के दोनों भांजे आपस में भिड़ गए। और मामूली विवाद के बाद दोनों भाइयों की ओर से गोलियां चलाई गईं। इस गोलीबारी की घटना में विश्वजीत यादव की मौत हो गई, जबकि जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं नित्यानंद राय की बहन को भी गोली लगी है। घायलों को तुरंत इलाज के लिए भागलपुर के डॉक्टर एनके यादव के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जयजीत यादव की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि जगतपुर निवासी जयजीत यादव और विकल यादव के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर गोली चला दी। इस गोलीबारी में विश्वजीत यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। इस झगड़े के दौरान दोनों को बचाने पहुंची उनकी मां को भी गोली लग गई, जिनका इलाज भागलपुर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

### सुशांत सिंह की मैनेजर दिशा सालियान के साथ हुआ था गैंगरेप!

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (न्यूज चैनल)। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले ने चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। दिशा के पिता, सतीश सालियान ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ह्व्व) से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने इस याचिका में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे, अभिनेता सूरज पंचोली, डिनो मोरिया सहित अन्य पर गंभीर आरोप लगाए हैं और उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। इसके अलावा, उन्होंने तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिश्नर और पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। सतीश सालियान ने अपनी याचिका में दावा किया है कि उनकी बेटी के साथ गैंगरेप किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई पुलिस और किशोरी पेडनेकर ने उन्हें गुमराह किया और दबाव बनाया। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए समीर वानखेड़े जैसे ईमानदार अधिकारी की निगरानी में जांच कराने की भी मांग की है। याचिका में कहा गया है कि भाजपा नेता और मंत्री नितेश राणे तथा पत्रकार अर्नब गोस्वामी द्वारा पहले लगाए गए आरोप सही हैं। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि किशोरी पेडनेकर ने उन्हें नजरबंदी के दौरान प्रस्तुत किए गए सबूतों पर विश्वास करने के लिए मजबूर किया।

### बिरादरी की बातें




चूहा- सुनती हो, लालू यादव कह रहे हैं न झुका हूं न झुकूंगा।
चुहिया- हां जी, लेकिन अब तो उनका कमर-पीठ सब झुक ही रहा है...!

## ड्रायफ्रूट व्यापारियों के ठिकानों पर जीएसटी का छापा

### दस्तावेज, लैपटॉप, कंप्यूटर समेत बिल-बाउचर जब्त

बिलासपुर, 20 मार्च (हाईवे चैनल)। न्यायधानी के व्यापार विहार में सेंट्रल जीएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है. जीएसटी की टीम ने ड्रायफ्रूट थोक विक्रेता गोपालदास टावरमल और पवन ड्रायफ्रूट की दुकानों व गोदाम में छापा मारा है. व्यापारियों के ठिकानों पर कई घंटों तक जांच की गई. कर चोरी और अनियमितता उजागर होने पर टीम ने व्यापारियों के ठिकानों से दस्तावेज, लैपटॉप, कंप्यूटर, बिल-बाउचर जब्त की है.



## ट्रक और बाइक की जबरदस्त टक्कर दोनों वाहनों में लगी भीषण आग



**कोरबा,** 20 मार्च (हाईवे चैनल)। कोरबा जिले के बांगो क्षेत्र में बिलासपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार ट्रक और बाइक की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई, जिससे बाइक ट्रक के नीचे फंस गई और दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई. जानकारी के अनुसार, बाइक पर दो लोग सवार थे, जो ग्राम लेपरा के निवासी हैं और अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे. टक्कर के बाद बाइक सवारों को मामूली चोटें आईं, जबकि हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक घायल अवस्था में वाहन छोड़कर फरार हो गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में राहगीरों की भीड़ लग गई. तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने का प्रयास किया. घटना की सूचना मिलते ही बांगो पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची. घायलों को 112 की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## पड़ोसी ने नई बाइक पर थूका तो युवक ने उसका गला ही रेत दिया



### ग्राम मूरा में हत्याकांड

**खरोरा,** 20 मार्च (हाईवे चैनल)। पड़ोसी ने युवक की नई बाइक पर थूका तो युवक इतना क्रोधित हो उठा कि उसने पड़ोसी का गला हसिया से काट दिया। आरोपी का कहना है कि वह मेरी ज्यादा तनख्वाह से जलता था। जब मैंने नई बाइक खरीदी तो वह उस पर थूक रहा था। इसलिए गुस्से में मैंने मर्डर कर दिया।

मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। खरोरा थाना प्रभारी दीपक पासवान ने बताया कि मुरा गांव निवासी आरोपी मनोज साहू (20) और रंजीत साहू (48) दोनों पड़ोसी थे। दोनों जेसीबी ड्राइवर हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे दोनों के बीच बहस किसी बात पर बहस हो गई। दोनों घर के सामने लड़ने लगे। मनोज ने गाली-गलौज करते हुए अपने घर से हंसिया लाकर उस पर हमला कर दिया। कंधे के पास भी हंसिए से वार किए। हमले के बाद वो बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर गया। उसके शरीर से तेजी से खून बहने लगा। इस दौरान आरोपी घबराकर घर के अंदर घुस गया। आसपास के लोगों को जब घटना के बारे में पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जब आरोपी मनोज से पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसकी 17 हजार रुपए तनख्वाह है। इस बात से रंजीत चिढ़ता था कि उसे कम पेमेंट मिलती है। इसके अलावा होली में मनोज ने नई बाइक खरीदी थी। रंजीत ने चिढ़कर अचानक थूक दिया। यह बात मनोज को बुरी लग गई थी।

## मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता पर 200 करोड़ खर्च करेगी तेलंगाना सरकार

### केटीआर ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (न्यूज चैनल)। तेलंगाना की विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की सरकार पर तीखा हमला किया और राज्य की वित्तीय प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। यह खुलासा हुआ है कि राज्य 71,000 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे का सामना कर रहा है। वरिष्ठ बीआरएस नेता केटी रामा राव ने वित्तीय संकट के बावजूद फॉर्मूला-ई रेस इवेंट और मिस वर्ल्ड पेजेंट शो के आयोजन के लिए भारी राशि आवंटित करने पर कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाया।

केटीआर के अनुसार, रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए, जबकि फॉर्मूला-ई रेस इवेंट पर 46 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब राज्य सरकार 71,000 करोड़ रुपये के घाटे में है, खासकर तब जब राज्य सरकार वेतन देने और बुनियादी खर्चों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है, जिससे विकास परियोजनाओं के लिए बहुत कम जगह बची है। हाल ही में सोशल मीडिया पर पोस्ट में केटीआर ने कहा, तो कांग्रेस सरकार हमें यह विश्वास दिलाना चाहती है कि तेलंगाना में सब कुछ ठीक है। जाहिर तौर पर उनके अनुसार - निवेश तेजी से आ रहा है - कृषि क्षेत्र बढ़ रहा है - कल्याण अपने उच्चतम स्तर पर है - सीएम दिन में 18 घंटे काम कर रहे हैं। केटीआर ने राहुल गांधी से यह भी पूछा कि कांग्रेस सरकार करदाताओं का पैसा सौंदर्य प्रतियोगिता पर खर्च करके विकृत तर्क अपनाने के बारे में क्या सोच रही है।

## कवर्धा में सरकारी डॉक्टरों से ब्लैकमेलिंग वसूली कथित पत्रकारों ने किया कांड, चार गिरफ्तार



**कवर्धा,** 20 मार्च (हाईवे चैनल)। कवर्धा जिले में शासकीय डॉक्टरों से ब्लैकमेलिंग कर वसूली करने वाले तीन फर्जी पत्रकार और एक फर्जी डॉक्टर सहित गिरोह के चार आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल पिछले एक माह से जिले के सीएमएचओ सहित कई डॉक्टरों के पास लगातार फोन कॉल आ रहे थे और झूठी आरोप लगाकर अवैध वसूली के लिए परेशान कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस में शिकायत किया गया था।

पुलिस ने साइबर टीम की मदद लिया तब इस ब्लैकमेल गिरोह का पर्दाफाश हुआ। तीन फर्जी पत्रकार रियाज अत्तारी, फिरोज खान और अजय जांगड़े अपने आपको पोर्टल के पत्रकार बताकर झूठी खबर दिखाकर बदनाम करने की कोशिश करने और कई डॉक्टरों से पैसे लूटने के आरोप हैं। वहीं फर्जी डॉक्टर अमन बिसारिया वॉयस चेंजर ऐप का इस्तेमाल कर अपने आपको स्वास्थ्य विभाग के सचिव का निजी सेकेट्री बताकर डॉक्टरों को लूटते थे। लगातार मिल रही शिकायत के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रथम शिकायतकर्ता मदन सिंह पुरले ने बताया कि वह ग्रामीण चिकित्सा सहायक के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिंभौरी में कार्यरत हैं। आरोपियों ने उन्हें वित्तीय अनियमितता की खबर प्रकाशित करने की धमकी दी और इसके बदले उनका निलंबन, सेवा समाप्ति एवं ट्रांसफर कराने की कोशिश की। इस दबाव में आकर आरोपियों ने प्रार्थी से कुल 10,000/- की अवैध वसूली की। इसमें से 5,000/- क्यूआर कोड के माध्यम से, खाते में ट्रांसफर किया गया, और 5,000/- नगद ट्रांजैक्शन के जरिए लिए गए। प्रार्थी ने बताया कि आरोपियों ने फोन कॉल करके उसे धमकाया और फिर उसे पैसे देने के लिए मजबूर किया। अमन बिसारिया (कथित मंत्री जी का निज सचिव, गुप्तचर सेवा) ने प्रार्थी को सबसे पहले कॉल करके छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया तक मामले को भेजने और कार्यवाही की धमकी दी। इसके बाद, रियाज अत्तारी ने 10,000/- की मांग की, जिससे दबाव में आकर प्रार्थी ने पैसे दे दिए। इसके बाद रियाज अत्तारी ने प्रार्थी से कहा कि अब उसे फिरोज खान और अजय जांगड़े को भी सेट करना होगा, अन्यथा वे भी उसके खिलाफ झूठी खबरें प्रकाशित करेंगे।दूसरी शिकायत में प्रार्थी प्रभात गुप्ता ने बताया कि फर्जी पत्रकारों ने उनके खिलाफ झूठी खबरें प्रकाशित कर मानसिक प्रताड़ना दी, आरटीआई द्वारा दबाव बनाया और निलंबन की धमकी देकर 32,000/- की अवैध वसूली की।

## 'न झुका हूं, न झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है', ईडी से पूछताछ के बाद लालू समर्थकों ने लगाए पोस्टर



**नई दिल्ली,** 20 मार्च (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव के समर्थन में उनके पटना स्थित आवास के बाहर पोस्टर लगाए गए। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में उनसे पूछताछ की थी। पोस्टरों पर लिखा था, 'न झुका हूं, न झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है।' यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी पाने के लिए अपने प्रभाव का दुरुपयोग किया। इस मामले में ईडी की जांच जारी है। मंगलवार को लालू प्रसाद की पत्नी और आरजेडी नेता राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव इस मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए। इस बीच, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं। सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए यादव ने कहा कि इससे सरकार मजबूत होगी और बिहार में सत्ता में आने का मौका मिलेगा। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने संवाददाताओं से कहा, राजनीतिक प्रतिशोध के कारण हमारे खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। इससे हम पर कोई असर नहीं पड़ता। वे चिंतित और भयभीत हैं। वे संवैधानिक संस्थाओं का जितना दुरुपयोग करेंगे, हम उतने ही मजबूत होंगे। हम उसी ताकत से बिहार में सरकार बनाएंगे। भाजपा और आईटी सेल की सभी टीमें अब सिर्फ बिहार में काम करेंगी। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर हमला करते हुए कहा कि बिहार को भ्रष्ट परिवार से कोई मुख्यमंत्री नहीं चाहिए।